Title: Need for early laying of railway line between Muzaffarpur and Sitamarhi in Bihar.- Laid

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : महोदय, उत्तरी बिहार में भीषण बाढ़ एवं बरसात के कारण प्रतिवर्ष सभी प्रमुख सड़क, पुल एवं पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा जान-माल का भी भारी नुकसान होता है। मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी के बीच एक ही प्रमुख सड़क मार्ग है जिसकी स्थिति काफी दयनीय एवं जीर्ण-शीर्ण है। इस सड़क पर गाड़ियों का चलना तो दूर, अब आदमियों का चलना भी कठिन हो गया है। वर्ष १९९६-९७ के रेल बजट में मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी तक नई रेल लाइन के निर्माण कार्य को शामिल किया गया था, मगर आज तक इस कार्य का आरम्भ नहीं किया गया है। २८ अगस्त, १९९७ को सीतामढ़ी-सोनवरसा-भिट्ठा मोड़-मधवापुर एवं जयनगर तथा जनकपुर रोड़ मधुबनी से जयनगर तक नई रेल लाइन निर्माण कराने के लिए सर्वेक्षण करने का आदेश पूर्व रेल मंत्री महोदय ने दिया था, जिसका पत्रांक संख्या ९७१/डब्ल्यू-१/एन.ई./एल.सी.टी. १६ है, परन्तु इसका सर्वेक्षण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

आपसे आग्रह है कि क्षेत्र की जनता की समस्या एवं गांवों के विकास को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त रेल लाइन का निर्माण कार्यारम्भ एवं सर्वेक्षण कार्य प्र ाथमिकता के आधार पर वर्ष २०००-१ से पहले शुरू कराकर जन-आकांक्षाओं को पूरा करें।